an>

Title: Need to constitute a National Youth Commission.

श्री आलोक कुमार मेहता (समस्तीपुर) : अध्यक्ष महोदय, देश में युवाओं की जनसंख्या लगभग 40 प्रतिशत है। क्राइम करने वाले जो लोग पकड़े जाते हैं या नहीं पकड़े जाते हैं, उसमें लगभग 78 प्रतिशत युवा पाये जाते हैं। असेम्बली और पार्लियामेंट से लगभग 11 प्रतिशत लोग ही युवा हैं, त्री स्तरीय पंचायती राज में 55 प्रतिशत हैं।

महोदय, देश के पोपुलेशन में युवाओं की सबसे बड़ी संख्या है और युवा अतिवादी, नक्सलियों तथा उग्रवादी संगठनों के टार्गेट पर रहता है। उनकी मजबूरियों, परेशानियों और परिस्थितियों का फायदा उठाकर ऐसे संगठन उनको अपने नापाक कार्यों के लिए रिक्रूट करते हैं। इसके अलावा चूंकि वे बेरोजगारी के भी शिकार हैं, इसलिए उस तरफ जाने में बहुत आसानी होती है। इसलिए युवाओं की स्थिति का अध्ययन करने के लिए उनके सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक और शैक्षणिक विकास की जो स्थिति है और उनके पिछड़ेपन के अध्ययन के लिए और उसका समाधान करने के लिए मैं भारत सरकार से आपके माध्यम से मांग करना चाहता हूं कि देश में राष्ट्रीय युवा आयोग का गठन किया जाए जो महिला आयोग, अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग तथा पिछड़ा आयोग की तरह हो और युवाओं की स्थिति का अध्ययन करे और उसके समाधान के लिए रास्ता निकाले।

MR. SPEAKER: Do you know that Parliament had constituted a forum on youth. Why don't you all take part and a little more interest in that. Thank you. Item 24 – Shri Rupchand Pal.